आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 04.12.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर प्रारम्भिक तैयारियां शुरू। 2003 की मतदाता सूची से की जाएगी वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंडित राम सुमेर शुक्ल की 47वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 लोगों को सम्मानित किया।
- चम्पावत में रिवर्स पलायन से ग्राम विकास सम्मेलन का आयोजन। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रवासियों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए।
- जंगली जानवरों से बचाव के लिए वन विभाग ने बागेश्वर नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला।

**<u>पंडित राम सुमेर शुक्ल</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और तराई क्षेत्र के संस्थापक पंडित राम सुमेर शुक्ल की 47वीं पुण्यतिथि पर आज रुद्रपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। उन्होंने स्वर्गीय शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन परिचय पर आधारित शिलापट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित राम सुमेर शुक्ल राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण के प्रतीक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश, समाज और किसानों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि आज रुद्रपुर और तराई का जो स्वरूप दिखाई देता है, वह उनकी दूरदृष्टि का परिणाम है।

**<u>प्री–एसआईआर</u>**

प्रदेश में पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण यानी प्री– एसआईआर गतिविधियां शुरु कर दी गई हैं। इस चरण में आगामी एसआईआर को लेकर प्रारम्भिक तैयारियां की जाएंगी। साथ ही एसआईआर के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके दृष्टिगत ''प्रत्येक मतदाता तक पहुंच, समन्वय और संवाद'' अभियान पर कार्य किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्री–एसआईआर चरण में प्रदेश की वर्तमान मतदाता सूची में शामिल लगभग 40 वर्ष तक की आयु के ऐसे मतदाता, जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज थे, उनकी सीधे बीएलओ एप से मैपिंग की जाएगी। साथ ही 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे मतदाता, जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में किसी कारणवश नहीं है, तो उनके माता–पिता अथवा दादा–दादी के नाम के आधार पर संतान के रूप में मैपिंग की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों से अपने–अपने बूथ लेवल एजेंट्स नियुक्त करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिला और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी स्तर पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की जा रही है, ताकि मतदाताओं को आसानी से मदद मिल सके। डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अलग–अलग वर्षों में ग्यारह बार एसआईआर पूरे देश में संपादित किया जा चुका है। उत्तराखण्ड में वर्ष 2003 में एसआईआर किया गया था। इस वर्ष आयोग द्वारा पहले चरण में बिहार और दूसरे चरण में 12 अन्य राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया गतिमान है। इस पूरी प्रक्रिया के पीछे आयोग का उद्देश्य हर पात्र मतदाता को मतदाता सूची में शामिल करना है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह आज हरिद्वार में आयोजित अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अखंड ज्योति केवल एक दीप नहीं है। यह अखंड भारत की भावना, धर्म–जागरण की चेतना और भारत के आध्यात्मिक तत्व का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार और देव संस्कृति विश्वविद्यालय की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान केवल शैक्षणिक केंद्र नहीं, बल्कि आधुनिक गुरुकुल है, जहां शिक्षा को साधना माना जाता है।

**नौसेना दिवस**

आज नौसेना दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण कार्यालय, देहरादून में ''सहयोग से समृद्धि'' नाम से एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि रहे। भारतीय नौसेना के शौर्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करने के लिए हर साल चार दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है।

**रिवर्स पलायन सम्मेलन**

चम्पावत में आज उत्तराखंड पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष एस.एस. नेगी की अध्यक्षता में रिवर्स पलायन से ग्राम विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रवासियों, उद्यमियों, किसानों, युवाओं और विभागीय अधिकारियों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में ऐसे सम्मेलन किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से रिवर्स पलायन करने वाले प्रवासियों के अनुभवों और सुझावों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा, ताकि ठोस नीति बनाई जा सके।

**वन विभाग फ्लैग मार्च**

जंगलों से सटे रिहायशी क्षेत्रों में जंगली जानवरों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए आज बागेश्वर नगर क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने संवेदनशील इलाकों और वन सीमा से लगे मोहल्लों में फ्लैग मार्च निकाला। टीम ने विभिन्न गलियों और मार्गों से गुजरते हुए लोगों को सतर्क रहने और जंगली जानवरों की गतिविधियों से जुड़े सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। वन क्षेत्राधिकारी केवलानंद पांडे ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को सतर्क करना, भयमुक्त रखना और जंगली जानवरों से बचाव को लेकर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जंगली जानवरों की गतिविधियों में वृद्धि को देखते हुए विभाग लगातार गश्त बढ़ा रहा है और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**ताइक्वांडो प्रतियोगिता**

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 28 नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बागेश्वर के चार खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की कुल 30 टीमों ने भागीदारी की। अंडर–17 बालक और बालिका वर्ग में लता कोरंगा, प्रतिज्ञा, आयुष दफौटी और योगेश धामी ने अपने–अपने वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। जिला खेल समन्वयक कमलेश तिवारी ने खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बागेश्वर की ताइक्वांडो टीम का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।